वर्ष: 13 - अंक : 196, मुंबई, सोमवार, 18 सितंबर, 2023 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

मूल्य 1 रु.

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले श्रद्धालुओं का टोल टैक्स माफ



**यह छूट मुंबई-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडकों पर टोल बूथों पर लागू होगी**

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग को गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले गणेश भक्तों को टोल माफी और अन्य सुविधाएं प्रदान करने का निर्देश दिया है। इसके मुताबिक लोक निर्माण विभाग ने रोड टैक्स राहत पर सरकारी फैसला जारी कर दिया है। ऐसे में अब कोंकण के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई, नागपुर समेत 6 शहरों में सीबीआई की छापेमारी

## गिरफ्तार आरोपियों में निजी कंपनी के मालिक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एक स्कूल टेंडर में गड़बड़ी के मामले में मुंबई और नागपुर समेत देश के छह बड़े शहरों में छापेमारी की। आरोप है कि टेंडर के लिए बड़ी रिश्वत दी गयी थी। इस छापेमारी में एक निजी कंपनी के मालिक समेत सात लोगों को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में निजी कंपनी के मालिक के साथ ब्रिज एंड रूफ कंपनी (इंडिया) लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के कार्यकारी सचिव आशीष राजदान भी शामिल हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)




## 7 गिरफ्तार

*आरोपियों में एच.पी. राज्यगुरु (राजकोट) कंपनी के मालिक हेतलकुमार प्रवीणचंद्र राज्यगुरु, शशांकुमार जैन (कोलकाता), सोमेश चंद्र (नोएडा), वीर ठक्कर (मुंबई), राजीव रंजन (दिल्ली), तरंग अग्रवाल (दिल्ली) शामिल हैं। सीबीआई (नागपुर) के मुताबिक, ओडिशा में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) के काम के लिए टेंडर निकाला गया था. आरोप है कि गिरफ्तार सातों आरोपियों ने स्कूल काम का टेंडर हासिल करने की साजिश रची*



# महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा


## 5 लोगों की मौत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में गणेशोत्सव की धूम के बीच एक दुखद खबर सामने आई है। गणपति बप्पा के आगमन से पहले दो भयानक सड़क हादसे हुए, जिमसें कुल पांच लोगों की मौत हो गयी और दो दर्जन से ज्यादा लोग जख्मी हो गए। गणेश चतुर्थी के मौके पर एसटी बस से मुंबई से कोंकण स्थित अपने गाँव जा रहे लोग दुर्घटना का शिकार हो गए। इस हादसे में एक शख्स की मौत हो गई है और 20 लोग घायल हो गए हैं। तो वहीं अमरावती जिले के चिखलदरा में पर्यटकों की कार 200 फीट गहरी खाई में गिर गई है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# बुरी शक्तियों को दूर भगाने के नाम पर महिला से रेप

## पति के 5 दोस्त गिरफ्तार



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां 35 वर्षीय विवाहित महिला के घर में वास्तु दोष और बुरी ताकतों का साया होने का दावा कर कुछ लोगों ने उसके साथ दरिंदगी की। आरोपियों ने महिला को झांसा दिया कि वे वास्तु दोष और बुरी ताकतों को दूर कर देंगे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने महिला की तकलीफों को दूर करने के लिए काला जादू करने के बहाने उससे कई बार बलात्कार किया। पुलिस ने पांच आरोपियों को ठाणे और पालघर जिलों से गिरफ्तार किया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### पंचामृत में देते थे नशीला पदार्थ!

आरोपियों ने महिला से कहा था कि उसके पति पर किसी ने काला जादू किया है। जिसका उसका असर खत्म करने के लिए उसे अनुष्ठान करने होंगे। इसी बहाने आरोपी अप्रैल 2018 से पीड़िता के घर अक्सर आते थे। खासकर जब महिला अकेले होती तो वे घर पर अनुष्ठान करते थे। इस दौरान आरोपी पीड़िता को पंचामृत कहकर नशीला पदार्थ पिला देते थे और उसके साथ बलात्कार करते थे।

**सभी पहुंचे सलाखों के पीछे :** आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 (बलात्कार), 376 (2)(एन) (एक ही महिला के साथ बार-बार बलात्कार करने का अपराध) और 420 (धोखाधड़ी) के तहत एफआईआर दर्ज की गयी हैं। साथ ही पांचों आरोपियों के खिलाफ महाराष्ट्र के जादू-टोना विरोधी कानून के तहत भी मामला दर्ज किया गया है।

## हमारी बात

### आज से विशेष संसद सत्र



**संसद** का पांच दिन का विशेष सत्र सोमवार से शुरू होगा। लोकतंत्र की 75 साल की यात्रा और उसकी उपलब्धियों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसमें चार सामान्य विधेयक भी पास कराए जाएंगे। इसके अलावा भी कुछ विशेष विशेष सत्र के दौरान लाए जा सकते हैं। माना जा रहा है कि राजनीतिक महत्व का कोई बड़ा विधेयक ला सकती है। कुछ प्रस्ताव लाए जाने की भी चर्चा है। कहा जा रहा है कि जी-20 के सफल आयोजन और चंद्रयान-तीन की सफलता पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अभिनंदन का प्रस्ताव आ सकता है। संसद का विशेष सत्र 18 से 22 सितंबर तक होगा। पहले दिन की यानी 18 सितंबर की कार्यवाही पुरानी इमारत में होगी और 19 सितंबर से नई इमारत में कार्यवाही शुरू होगी। संसद के विशेष सत्र से एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इस बैठक सभी पार्टियों ने महिला आरक्षण विधेयक संसद में पेश करके पास कराने पर जोर दिया। बैठक के बाद कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि सभी पार्टियां चाहती हैं कि सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण बिल पास कराए। सर्वदलीय बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि सर्वदलीय बैठक में 34 पार्टियों के 51 नेताओं ने हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सरकार के एजेंडे में चार बिल सूचीबद्ध हैं। इसके अलावा कुछ कार्यमंत्रणा समिति में पेंडिंग बिल हैं। कुल मिला कर आठ बिल हैं। जोशी ने कहा- कई दलों ने अपनी बात रखी है, लेकिन सरकार अपने एजेंडे पर काम करती है। उन्होंने बताया कि पहले दिन 75 साल के लोकतंत्र पर दोनों सदन में अलग-अलग चर्चा पुराने भवन में होगी। प्रहलाद जोशी ने बताया कि 19 सितंबर को सेंट्रल हॉल में दोनों सदनों का एक कार्यक्रम होगा और उसके बाद नए संसद भवन में सत्र की कार्यवाही शुरू होगी। उसके अगले दिन यानी 20 सितंबर से नए भवन में नियमित सरकारी कामकाज होगा। रविवार को हुई सर्वदलीय बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यसभा में सदन के नेता और केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सरकार का प्रतिनिधित्व किया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, पूर्व प्रधानमंत्री और जेडीएस नेता एचडी देवेगौड़ा, डीएमके सांसद कनिमोझी, टीडीपी के राम मोहन नायडू, तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ्हब्रायन, आम आदमी पार्टी के संजय सिंह, बीजद के सस्मित पात्रा, बीआरएस नेता के केशव राव, वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वी विजयसाई रेड्डी, राजद के मनोज झा, जदयू के अनिल हेगड़े और समाजवादी पार्टी के रामगोपाल यादव ने बैठक में हिस्सा लिया।

# जी-20, सनातन और हिंदी पर चुनाव

**ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने हिंदी के मुहावरे शेयर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इजराइल के ट्विट का जवाब अमिताभ बच्चन के एक मशहूर डायलॉग से जवाब दिया। भाजपा के राज में हिंदी की ताकत बढ़ने का नैरेटिव अंततः चुनाव में इस्तेमाल होगा। सो, इसे संयोग कहें या लंबी प्लानिंग कहें लेकिन यह हकीकत है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले जी-20 का शिखर सम्मेलन हुआ, जिसका डंका अभी तक बज रहा है। चुनावों से पहले तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर हमला किया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल लपक लिया और विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखा, जिसके जवाब में भाजपा को भारत की राजनीति करने का मौका मिला।**

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव का एजेंडा और मुद्दे तय हो गए हैं। जी-20 का शिखर सम्मेलन बड़ा मुद्दा होगा। उसके बाद सनातन पर छिड़ी बहस का मुद्दा है और हिंदी का मुद्दा है। इसके अलावा बाकी मुद्दे भी होंगे लेकिन चुनाव से ठीक पहले ये तीन मुद्दे हाईलाइट हुए हैं। इन्हे भाजपा व्यापक रूप से उठाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के बीना और छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में विधानसभा चुनाव का आगाज करते हुए ये मुद्दे उठा कर संकेत दे दिया है कि इसी पर राजनीति होनी है। हालांकि बड़ा सवाल है कि चुनाव वाले पांच राज्यों में शासन, कामकाज, जातीय समीकरण और स्थानीय राजनीति के ऊपर ये मुद्दे कितना असर डाल पाएंगे? क्या भाजपा को इनका लाभ मिलेगा? क्या वह इन मुद्दों के आधार पर मध्य प्रदेश में सत्ता विरोधी माहौल को खत्म कर पाएगी? राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में सरकारों के खिलाफ क्या सत्ता विरोधी माहौल बना पाएगी?

ध्यान रहे कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपने मंत्रिपरिषद की बैठक की थी, जिसमें उन्होंने पार्टी के नेताओं और मंत्रियों को निर्देश दिया कि वे सनातन धर्म पर हो रहे हमले का जवाब दें। हालांकि इसके बाद किसी बड़े नेता की ओर से कोई ऐसा जवाब नहीं आया, जिससे लगे कि पार्टी उदयनिधि स्टालिन और ए राजा की ओर से सनातन पर किए गए हमले का जवाब दे रही है। तभी प्रधानमंत्री मोदी ने खुद कमान संभाली। उन्होंने मध्य प्रदेश के बीना रिफाइनरी में एक बड़े प्रोजेक्ट की आधारशिला रखने के बाद रैली में यह मुद्दा उठाया और कहा कि विपक्षी पार्टियों का 'घमंडिया' गठबंधन सनातन धर्म को अपमानित करने और इसे समाप्त करने के लिए बना है। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां सनातन धर्म को खत्म करके देश को फिर से हजार साल की गुलामी के दौर में धकेलने का काम कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे विपक्ष के इस एजेंडे का जवाब दें। प्रधानमंत्री ने सनातन का विवाद शुरू होने से पहले स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले से अपने भाषण में हजार साल की गुलामी का मुद्दा उठाया था। अब वे कह रहे हैं कि सनातन कमजोर हुआ तो देश फिर से हजार साल की गुलामी में फंस जाएगा। हजार साल की गुलामी का मतलब मुस्लिम और अंग्रेज शासकों की गुलामी से है। हालांकि भाजपा के नैरेटिव में गुलामी मतलब हमेशा मुस्लिम शासकों की गुलामी से होता है। सो, सनातन को बचा कर देश को हजार साल की गुलामी में जाने से रोकने की बात का मतलब यह है कि विपक्ष मुस्लिम शासन चाहता है, जबकि भाजपा रही तो सनातन बचा रहेगा और देश मुसलमानों का गुलाम नहीं होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री ने बहुत जोरदार ढंग से जी-20 शिखर सम्मेलन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि यह भारत के बड़े सामर्थ्य का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने लोगों से सवाल पूछा कि जी-20 के आयोजन से गर्व की अनुभूति हुई या नहीं? सबने हाथ उठा कर जवाब दिया कि उन्हें इस पर गर्व हुआ। ध्यान रहे भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव से पहले हुए पुलवामा कांड और सर्जिकल स्ट्राइक के नाम पर राष्ट्रवाद का मुद्दा बहुत प्रभावी तरीके से इस्तेमाल कर चुकी है। इस बार राष्ट्रवाद का मुद्दा जी-20 के जरिए उठाया जा रहा है। बहुत व्यवस्थित तरीके से देश के लोगों को बताया जा रहा है कि भारत अब दुनिया का नेता बन गया है। प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में कहा कि भारत विश्वमित्र बन गया है, जबकि विपक्षी पार्टियां विभाजन का काम कर रही हैं। सो, सनातन के बाद जी-20 शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन पांच राज्यों के चुनाव में बड़ा मुद्दा होगा।




तीसरा बड़ा मुद्दा भारत और इंडिया की बहस का है, जिसमें अपने आप हिंदी जुड़ गई है। विपक्षी गठबंधन के 'इंडिया' नाम रखने के बाद से ही भाजपा इसकी काट खोज रही थी। वह काट भारत में मिल गई है। व्हाट्सऐप फॉरवर्ड में बताया जा रहा है कि दुनिया के किसी देश का नाम दो भाषाओं में अलग अलग नहीं है तो फिर हमारे देश का नाम हिंदी और अंग्रेजी में अलग अलग क्यों होना चाहिए? इसके साथ ही यह बताया जा रहा है कि 'इंडिया' का मतलब अंग्रेजी बोलने वाले, शहरी और बाहरी ताकतों से संचालित होने वाले लोग हैं, जबकि भारत बोलने वाले बहुसंख्यक लोग भारतीय हैं। जी-20 शिखर सम्मेलन में हर जगह भारत लिखा और बोला गया। अब खबर है कि सरकारी कामकाज में अंग्रेजी में भी भारत ही लिखा जा रहा है।

पिछले दिनों भारत सरकार ने आईपीसी, सीआरपीसी और इविडेंस एक्ट बदलने के लिए तीन विधेयक संसद में पेश किए। आईपीसी का नाम भारतीय न्याय संहिता, सीआरपीसी का नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और इविडेंस एक्ट का नाम भारतीय साक्ष्य अधिनियम रखने का प्रावधान किया गया है। दक्षिण भारत के राज्यों के विरोध के बावजूद केंद्र सरकार ने भारत और हिंदी दोनों को अपनाया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अब कहा है कि हिंदी के जरिए सभी क्षेत्रीय भाषाओं के साथ बेहतर तालमेल बनता है। ध्यान रहे राजभाषा विभाग भी उन्हीं के अधीन आता है। इस बीच 14 सितंबर को हिंदी दिवस के मौके पर कई देशों के राजदूतों और दूतावासों ने हिंदी में ट्विट किए। इजराइल के राजदूत ने तो वीडियो शेयर किया, जिसमें दूतावास के कर्मचारी हिंदी फिल्मों के लोकप्रिय डायलॉग बोल रहे हैं।

ऑस्ट्रेलिया के राजदूत ने हिंदी के मुहावरे शेयर किए। प्रधानमंत्री मोदी ने भी इजराइल के ट्विट का जवाब अमिताभ बच्चन के एक मशहूर डायलॉग से जवाब दिया। भाजपा के राज में हिंदी की ताकत बढ़ने का नैरेटिव अंततः चुनाव में इस्तेमाल होगा। सो, इसे संयोग कहें या लंबी प्लानिंग कहें लेकिन यह हकीकत है कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों से पहले जी-20 का शिखर सम्मेलन हुआ, जिसका डंका अभी तक बज रहा है। चुनावों से पहले तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म पर हमला किया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने तत्काल लपक लिया और विपक्ष ने अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखा, जिसके जवाब में भाजपा को भारत की राजनीति करने का मौका मिला।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान**, समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

## अभिषेक कंस्ट्रक्शन बनी मुंब्रा शहर वासियों के लिए सरदर्द

# शिया और बोरी कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्तों पर किया जा रहा है कचरा डंपिंग

**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** जब से कचरा विभाग द्वारा निजीकरण अभिषेक कंस्ट्रक्शन को कचरा उठाने का ठेका दिया गया है तब से मुंब्रा शहर वासियों के लिए यह कंपनी सरदर्द बन चुकी है और अपनी मनमानी कर रही है जहां दिल में आया वहां कचरा डाल रही है चाहे वह सड़क के बीचों-बीच हो या कब्रिस्तान की ओर आने जाने की जगह पर हो यह कंपनी द्वारा अपने मनमानी के तरीके से कचरा डंपिंग किया जा रहा है आपको बताते चले पहले मित्तल ग्राउंड सड़क पर बीचो-बीच कचरा डंपिंग किया जाता था जैसे तैसे करके एमआईएम की मेहनत से वहां से कचरा डंपिंग बंद किया गया उसके बाद में तंवर नगर परिसर में बीच सड़क पर कचरा डंपिंग का काम शुरू किया गया जिससे स्थानीय रहवासियों में अपनी सेहत को लेकर चिंता हो रही थी क्योंकि कचरा डंपिंग के कारण डेंगू मलेरिया टाइफाइड जैसी प्राण घातक बीमारियां उत्पन्न हो रही थी उसके बाद एमआईएम पार्टी के कार्यालय में की गई शिकायत के बाद और पदाधिकारी द्वारा लिए गए संज्ञान के



बाद वहां से कचरा डंपिंग बंद कर दिया गया लेकिन बताया जा रहा है अब अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मित्तल ग्राउंड में मौजूद शिया और बोरी समुदाय का कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते पर कचरा डंपिंग किया जा रहा है जिससे शिया समुदाय और बोरी समाज के लोग काफी आकर्षित नजर आ रहे हैं शिया समुदाय और बोरी समाज द्वारा कचरा डंपिंग को लेकर विरोध किया जा रहा है समाज सेवक एवं अखिल भारतीय दिव्यंग सेना के मोहम्मद यूसुफ खान ने भी अपनी आवाज बुलंद कर दी है और अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कर्ताधर्ताओं को चेतावनी दे दी है कि अगर मित्तल ग्राउंड में शिया और बोरी कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते पर कचरा डंपिंग करना बंद नहीं किया गया तो वह भूख हड़ताल करेंगे क्योंकि कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते पर कचरा डंपिंग से मैयतो को कब्रिस्तान में दफन करने के लिए ले जाते समय काफी दिक्कतें आ रही है लोगों को मुंह पर रुमाल डालकर जाना पड़ रहा है जबकि कब्रिस्तान परिसर के आसपास की जगह साफ सुथरी रहना चाहिए उन्होंने मनपा प्रशासन के अधिकारियों पर प्रहार करते हुए कहां है की पैसों की पट्टी आंखों में बांधे अधिकारी को कुछ भी नजर नहीं आ रहा है अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी की मनमानी और दादागिरी इस कदर बढ़ गई है कि वह जिधर चाहे कचरा डंपिंग कर रहे हैं उन्होंने बताया 20/10/ 2021 को पत्र व्यवहार कर आवेदन किया गया था कि अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया ठेका रद्द किया जाए लेकिन मुंब्रा शहर के उसे वक्त के एनसीपी के कुछ नगरसेवक द्वारा बताया गया की अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी की गई शिकायतों का समाधान किया गया है और ठेके की मुद्दत बढ़ाने को लेकर पत्र व्यवहार किया गया था और शायद यही कारण है आज अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी के हौसले इतने बढ़ गए हैं जिधर चाहे कचरा डंपिंग किया जा रहा है समाज सेवक यूसुफ ने निवेदन किया है कि जल्द से जल्द अगर शिया और बोरी कब्रिस्तान की ओर जाने वाले रास्ते पर कचरा डंपिंग को बंद नहीं किया गया तो भूख हड़ताल करेंगे और यह भी कहा गया है कि मुंब्रा शहर में कहीं पर भी अभिषेक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कचरा डंपिंग नहीं किया जाएगा जो भी कचरा डंपिंग करना है मुंब्रा शहर के बाहर करें।

# जमीअतुल मुस्लिमीन दरगाह मस्जिद ट्रस्ट के अध्यक्ष नईम नजीर खान की मुंब्रा शहर वासियों से अपील

## अमृत नगर में बनने वाली दरगाह शरीफ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि मजार शरीफ की जल्द तमिर की जा सके



**मुंबई हलचल/अब्दुस समद खान**

**मुंब्रा।** मुंब्रा शरीफ में बरसों से आराम फरमाने वाले परेशान लोगों के दुख दर्द दूर करने वाले मन्नत मुराद पूरी करने वाले हर मुसीबत आफत बलाओ से बचाने वाले शहंशाहों के शहंशाह सुल्तानों के सुल्तान मुंब्रा के सुल्तान हजरत ख्वाजा सैयद फखरुद्दीन शाह कादरी चिश्ती रहमतुल्ला ताला अलैह की मजार शरीफ का तामीरी काम की शुरूआत जमीअतुल मुस्लिमीन दरगाह मस्जिद ट्रस्ट के माध्यम से शुरूआत की जा चुकी है जिसमें मजार शरीफ का आरसीसी काम पूरा हो चुका है और अब मजार शरीफ के अंदर की फ्लोरिंग लगाई जा रही है तकरीबन 50 फीसदी कम पूरा हो चुका है और 50 फीसदी कम बाकी है जिसके लिए मुंब्रा शहर वासियों से जमीअतुल मुस्लिमीन दरगाह मस्जिद टेस्ट के अध्यक्ष नईम नजीर खान और उपाध्यक्ष हाजी अबा मोहम्मद मेमन ने निवेदन किया है की अमृत नगर परिसर में बरसों से मौजूद दरगाह शरीफ हजरत ख्वाजा सैयद फखरुद्दीन शाह कादरी चिश्ती रहमतुल्ला ताला अलैह की मजार शरीफ का तामीरी काम की शुरूआत की जा चुकी है और 50 फीसदी तक काम मुकम्मल हो गया है और 50 फीसदी बाकी है जिसके लिए मुंब्रा शहर वासियों की मदद की आवश्यकता है तो उन्होंने आशिकाने बाबा फखरुद्दीन के लोगों से निवेदन करते हैं की मजार शरीफ के काम में अपनी ओर से बढ़-चढ़कर हिस्सा लें या टाउन करें ताकि मजार शरीफ का जो 50 फीसदी कम बाकी है उसे जल्द से जल्द पूरा किया जा सके।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले श्रद्धालुओं का टोल टैक्स माफ

मुख्यमंत्री शिंदे ने शनिवार 16 सितंबर से 1 अक्टूबर तक गणेशोत्सव के लिए कोंकण जाने वाले गणेश भक्तों के लिए रोड टैक्स (टोल) माफ करने का फैसला किया है। इस संबंध में सरकार का निर्णय प्रकाशित हो चुका है। यह छूट मुंबई-बैंगलोर राष्ट्रीय राजमार्ग, मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग और अन्य सार्वजनिक निर्माण विभाग की सडकों पर टोल बूथों पर लागू होगी।

### मुंबई, नागपुर समेत 6 शहरों में सीबीआई की छापेमारी

अन्य आरोपियों में एच.पी. राज्यगुरु (राजकोट) कंपनी के मालिक हेतलकुमार प्रवीणचंद्र राज्यगुरु, शशांकुमार जैन (कोलकाता), सोमेश चंद्र (नोएडा), वीर ठक्कर (मुंबई), राजीव रंजन (दिल्ली), तरंग अग्रवाल (दिल्ली) शामिल हैं। सीबीआइ (नागपुर) के मुताबिक, ओडिशा में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल (ईएमआरएस) के काम के लिए टेंडर निकाला गया था. आरोप है कि गिरफ्तार सातों आरोपियों ने स्कूल काम का टेंडर हासिल करने की साजिश रची। कथित तौर पर आशीष राजदान ने टेंडर दिलाने के लिए 20 लाख की रिश्वत की मांग की। रिश्वत की रकम हवाला के जरिए दी जानी थी। इसकी भनक जब सीबीआई को लगी तो नागपुर, मुंबई, दिल्ली, नोएडा, कोलकाता और राजकोट शहरों में आरोपियों के ठिकानों पर छापेमारी की गयी। सीबीआई ने छापेमारी में कई अहम दस्तावेज और 26.60 लाख रुपये जब्त किए है। नागपुर के नरेंद्र नगर में एक टीचर के घर पर आधी रात से सुबह तक सीबीआई की छापेमारी चली। स्कूल के टेंडर के लिए 19.96 लाख की रिश्वत लेने के मामले में शिक्षिका का पति भी आरोपी है। दिल्ली सीबीआई को सूचना मिली थी कि रिश्वत की रकम और कुछ दस्तावेज नागपुर स्थित शिक्षिका के घर में हैं। सीबीआई ने आरोपी के घर से कुछ दस्तावेज, मोबाइल और लैपटॉप जब्त किया है। मामले की छानबीन जारी है।

### महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा

इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य लोग घायल हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक, मुंबई से कोंकण के राजापुर जा रही महाराष्ट्र परिवहन (एसटी) की बस रायगढ़ जिले के गोरेगाव पुलिस थाना क्षेत्र में ट्रक से भिड़ गयी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। करीब 20 यात्री घायल हो गए हैं। वहीं, एक यात्री की मौत हो गई है। मृतक की पहचान विनोद पांडुरंग तागडे (उम्र 38) के रूप में हुई है। उधर, अमरावती जिले के चिखलदरा रोड पर आज सुबह साढ़े सात बजे एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस हादसे में अर्टिगा कार 200 फीट गहरी खायीं में जा गिरी। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे घाटी में जा गिरी। हादसे में चार लोग गंभीर हुए है।

### बुरी शक्तियों को दूर भगाने के नाम पर महिला से रेप

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए पांचों लोग पीड़ित महिला के पति के दोस्त हैं। वह कई सालों से महिला से दुष्कर्म कर रहे थे। शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने पीड़िता के पति की स्थिर सरकारी नौकरी और सुख-शांति के लिए विभिन्न अनुष्ठान करने के नाम पर उससे सोना और पैसा भी ऐंठा। महिला से 2019 में ठाणे के येऊर जंगल में बलात्कार किया गया। इसके बाद मुख्य आरोपी के कांदिवली स्थित मठ और लोनावला के एक रिसॉर्ट में उससे बलात्कार किया गया। आरोपियों ने उससे दो लाख रुपए के अलावा सोना भी ठगा। पीड़ित महिला पालघर जिले के आदिवासी बहुल इलाके तलासरी की निवासी है। उसने 11 सितंबर को पुलिस में मामला दर्ज कराया। जिसके बाद पुलिस टीम आरोपी रवींद्र भाटे, दिलीप गायकवाड़, गौरव साल्वी, महेंद्र कुमावत और गणेश कदम को गिरफ्तार कर लिया।


महाराष्ट्र शासन
मराठवाडा मुक्तिसंग्राम
अमृत महोत्सव ७५
नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री
प्रतिज्ञा
स्वतंत्र भारताचे नागरिकत्व देणाऱ्या आणि
वैभवशाली महाराष्ट्राशी जोडणाऱ्या मराठवाडा मुक्तिसंग्रामाचा
आम्ही सार्थ अभिमान बाळगू...
हा मुक्तिसंग्राम अनेक ध्येयवादी स्वातंत्र्यसैनिकांच्या
अमूल्य बलिदानातून आणि जनतेच्या सक्रिय पाठिंब्यातून
सिध्द झाला आहे, याची आम्ही कृतज्ञतापूर्वक जाणीव ठेऊ...
सार्वभौम भारताचे नागरिक म्हणून महाराष्ट्र धर्म पाळताना
मराठवाड्याच्या भूमीला समृद्ध करण्यासाठी,
आम्ही सदैव सानंद वचनबद्ध राहू...
मराठवाडा मुक्तिसंग्रामातील
हुतात्म्यांना विनम्र अभिवादन!
DGIPR/2023-24 / C 3611
देवेंद्र फडणवीस
उपमुख्यमंत्री
एकनाथ शिंदे
मुख्यमंत्री
अजित पवार
उपमुख्यमंत्री
www.mahasamvad.in
MaharashtraDGIPR
MahaDGIPR
माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## उत्तराखंड हलचल

# 'ड्रीम इलेवन' की लत ने बनाया चोर, चोरी किए गए मोबाइल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** आज दिनांक 17.07.2023 को वादी कमल सिंह पुत्र स्व0 श्री कंचन सिंह निवासी सिंहधार जोशीमठ जनपद चमोली ने कोतवाली जोशीमठ* में आकर तहरीर दी कि उनकी पत्नी सतेश्वरी देवी कल दिनांक 16.09.2023 को नृसिंह मन्दिर दर्शन करने हेतु जा रही थी तभी रास्ते में चलते हुए एक अज्ञात व्यक्ति उनकी पत्न ी के कान में लगा मोबाइल फोन छिनकर भाग गया। तहरीर के आधार पर कोतवाली जोशीमठ पर मु0अ0स0 29/2023 धारा 379/356 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात* पंजीकृत करते हुए विवेचना उ0नि0 दिलबर सिंह कण्डारी के सुपुर्द की गयी। प्रकरण पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के संज्ञान में आते ही उनके द्वारा प्रभारी निरीक्षक जोशीमठ राकेश भट्ट को अभियुक्त की गिरफ्तारी व माल बरामदगी हेतु उचित दिशा-निर्देश दिये गये। पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में कार्य करते हुये कोतवाली जोशीमठ पुलिस द्वारा



मामले के अनावरण हेतु एक पुलिस टीम गठित की गई, अज्ञात मोबाइल चोर की पतारसी-सुरागरसी व तलाश में कस्बा जोशीमठ क्षेत्र में पुलिस टीम को रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मामले में त्वरित कार्यवाही करते मुखबिर खास की सूचना पर अज्ञात व्यक्ति को सकलानी ढाबे के निकट पानी के धारा के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त व्यक्ति से नाम पता पूछने पर अपना नाम मकान सिंह पुत्र प्रेम सिंह हाल पंचवटी होटल जोशीमठ, स्थायी पता एकलिंग पो0ओ0 बुडना पट्टी लस्या थाना जखोली जिला रुद्रप्रयाग* बताया गया। उक्त व्यक्ति की तलाशी लेने पर अभियुक्त के पास 01 मोबाइल रियलमी एन्ड्रायड फोन जो अभियुक्त द्वारा झपटकर चोरी करके ले जाया गया था बरामद हुआ । अभियुक्त से मोबाइल चोरी करने के सम्बन्ध में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि मैं एक-दो साल से ड्रीम इलेवन (ऑन लाईन) गेम खेल रहा हूं मैने एक-दो साल से ड्रीम इलेवन (ऑन लाईन गेम) में लगभग दो लाख रुपये लगा दिये है। मैं पंचवटी होटल जोशीमठ में नौकरी करता हूं कुछ दिन पहले मुझे होटल से भी वेतन मिली थी मैंने वो पैसे भी ड्रीम इलेवन गेम में लगा दिये है। अब मेरे पास गेम खेलने के लिए पैसे नहीं थे मैने इसलिए फोन छिनकर चोरी की है कि मैं फोन बेचकर पैसे लूगा और ड्रीम इलेवन गेम खेलूंगा। अभियुक्त को बाद आवश्यक कार्यवाही के रिमाण्ड मा0 न्यायिक मजिस्ट्रेट महोदय जोशीमठ के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया रिर्जव पुलिस लाईन गोपेश्वर का औचक निरीक्षण, अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**चमोली।** नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव द्वारा आज दिनांक 17.09.2023 को रिजर्व पुलिस लाइन गोपेश्वर का औचक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम महोदया द्वारा गार्द की सलामी ली गयी व गार्द में तैनात पुलिस कर्मियों का टर्न-आउट व शस्त्र कवायद चैक गयी। तत्पश्चात क्वाटर गार्द का निरीक्षण कर नियमित रूप से शस्त्रों की साफ-सफाई रखने के निर्देश दिए गए, स्टोर कार्यालय में निरीक्षण के दौरान महोदया द्वारा आपदा उपकरणों



रखरखाव पर विशेष ध्यान देने व पुरानी सामग्री को नियमानुसार निस्तारित कर थानों को आवंटित की गई सरकारी संपत्ति का समय-समय पर भौतिक सत्यापन करने हेतु निर्देशित किया गया। गणना कार्यालय के अभिलेखों का अवलोकन करने के पश्चात महोदया द्वारा ड्यूटी रोस्टर तैयार कर उसी के अनुसार पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाने की हिदायत दी गयी। कैश कार्यालय में शेष धनराशि के विवरण की जानकारी लेने के पश्चात महोदया द्वारा बैरकों एवं भोजनालय में आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने से साथ-साथ शौचालयों व स्नानागार में नियमित सफाई के निर्देश देते हुए कर्मचारियों को ताजा एवं पौष्टिक भोजन ही दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

# स्कूटी में अवैध अंग्रेजी शराब व बीयर परिवहन कर रहे एक व्यक्ति को थाना बलुवाकोट पुलिस ने गिरफ्तार कर स्कूटी की सीज

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** लड़ाई-झगड़ा कर शांति व्यवस्था भंग करने पर कुल 03 लोगों को धारा- 151 सीआरपीसी के तहत किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार, क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़, नरेन्द्र पंत एवं क्षेत्राधिकारी डीडीहाट/धारचूला, परवेज अली* के पर्यवेक्षण में जनपद क्षेत्रान्तर्गत अवैध शराब की बिक्री व तस्करी करने/ होटल- ढाबों में शराब पिलाने वालों तथा शराब के नशे में लड़ाई-झगड़ा/ हुड़दंग कर शांति भंग करने वालों के विरुद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में दिनांक- 16.09.2023 को पिथौरागढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियाँ की गयीः-1. थानाध्यक्ष बलुवाकोट, अनिल आर्या* के नेतृत्व में अपर उ0नि0 श्री नरेन्द्र पाल सिंह एवं हमराही कानि0




रघुवीर सिंह, कानि0 सतीश चन्द्र व कानि0 चालक सुनील कुमार* द्वारा बलुवाकोट मोटर पुल पर चैकिंग के दौरान जौलजीबी से बलुवाकोट की तरफ आ रही स्कूटी संख्या-UK05D 3984* से वाहन चालक विनोद राम पुत्र चन्दर राम, निवासी- ग्राम छारछुम थाना बलुवाकोट जिला पिथौरागढ़ उम्र- 24 वर्ष को कुल- 72 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब व 06 बोतल बीयर के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा- 60/72 आबकारी अधि0 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया, शराब परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी को भी सीज किया गया। 2. प्रभारी निरीक्षक, थाना मुनस्यारी, अशोक कुमार* द्वारा 112 की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 02 लोगों क्रमशः 1. लक्ष्मण कुमार पुत्र प्रेम राम, निवासी- नई बस्ती बुंगा थाना मुनस्यारी जिला पिथौरागढ़ उम्र- 32 वर्ष एवं 2. तुलसी देवी पत्नी दलीप राम, निवासी- उपरोक्त उम्र- 30 वर्ष* को लड़ाई-झगड़ा/ शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा- 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थानाध्यक्ष नाचनी, चन्दन सिंह* द्वारा अभियुक्त देवेन्द्र सिंह पुत्र दरबान सिंह, निवासी- नाचनी* को शराब के नशे में उत्पाद मचाकर शांति व्यवस्था भंग करने पर धारा- 151 सीआरपीसी के तहत गिरफ्तार किया गया।3. जनपद पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने/ मिशन मर्यादा के तहत कुल 76 लोगों* के विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई एवं कुल- 08 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया।

# स्वास्थ्य शिविर, मिष्ठान वितरण कर मोदी के दीघार्यु की कामनाएँ की अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड द्वारा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**देहरादून।** सम्पूर्ण विश्व में माँ भारती के गौरव को शतगुणित करने वाले आधुनिक भारत के प्रवर्तक, आदर्शवादी राजनेता, राष्ट्रगौरव देश के यशस्वी प्रधानसेवक नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के दिशानिदेशों अनुसार प्रदेश पदाधिकारियों ने शहर के मुख्य बाजार तहसील परिसर पर मिष्ठान वितरण कर प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घायु होने की कामना की मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर जैन ने बताया उत्तराखंड की सभी विधानसभाओं में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा हें सेवा सप्ताह के रूप में मोर्चा प्रत्येक जिले में कार्यक्रम कर रहा हें आज के कार्यक्रम मेंप्रदेश उपाध्यक्ष अंकुर जैन, प्रदेश मंत्री गुरप्रीत सिंह, कार्यालय प्रभारी अमीर कुरेशी, दून व्यापार अध्यक्ष पंकज मैसेंन, अम्बेडकर नगर महामंत्री वैभव अग्रवाल,मंडल मंत्री दीपक जेठी, अल्पसंख्यक मंडल अध्यक्ष वीरेश जैन, मनन आनंद, संजय, अनिल,आशु, जीशान, जावेद,अरशद,केवल प्रधान, सतीश इत्यादि उपस्थिति रहे।



# लालकुआ पुलिस टीम ने 17.92 ग्राम स्मैक के साथ 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**नैनीताल।** स्मैक तस्करों पर एस.एस.पी. नैनीताल का कड़ा प्रहार कोतवाली लालकुआ पुलिस टीम ने 17.92 ग्राम स्मैक के साथ 01 व्यक्ति को किया गिरफ्तार। प्रहलाद नारायण मीणा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी एवं बिक्री करने वालों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुये संलिप्त अपराधियों की धड़पकड़ करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारियों/चौकी प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं इसी क्रम में हरबन्स सिंह एस.पी. सिटी हल्द्वानी, संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआं* के सफल पर्यवेक्षण में डी0आर0 वर्मा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली लालकुआँ* के नेतृत्व में थाना स्तर गठित पुलिस टीम उपनिरीक्षक सोमेन्द्र सिंह चौकी प्रभारी हल्दूचौड़ द्वारा मय हमराही कर्मगणों* के सुभाषनगर बैरियर से आगे शमशान घाट के पास लालकुआं चैकिंग के दौरान एक व्यक्ति प्रदीप मिर्धा पुत्र प्रफुल्ल मिर्धा निवासी राजीव नगर बंगाली कालोनी लालकुआ नैनीताल उम्र 33 वर्ष के कब्जे से 17.92 ग्राम स्मैक बरामद गिरफ्तार किया गया।



# नशे के शौदागरों के विरुद्ध पिथौरागढ़ पुलिस की कार्यवाही लगातार जारी

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** एस0ओ0जी0 एवं थाना जाजरदेवल पुलिस ने 2.53 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त को किया गिरफ्तार। नशा मुक्त देवभूमि उत्तराखण्ड के मिशन को साकार करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक पिथौरागढ़, लोकेश्वर सिंह* के आदेशानुसार, क्षेत्राधिकारी पिथौरागढ़, नरेन्द्र पन्त एवं क्षेत्राधिकारी डीडीहाट धारचूला,परवेज अली* के पर्यवेक्षण में जनपद क्षेत्रान्तर्गत चरस, स्मैक व अन्य नशीले पदार्थो की तस्करी/बिक्री करने वालों के विरुद्ध की जा रही कड़ी वैधानिक कार्यवाही के क्रम में दिनांक- 16.09.2023 को थानाध्यक्ष जाजरदेवल, प्रकाश चन्द्र पाण्डेय एवं उ0नि0 हेम चन्द्र तिवारी, प्रभारी एस0ओ0जी0* के नेतृत्व में एस0ओ0जी0 एवं थाना जाजरदेवल पुलिस टीम द्वारा सिलोली गॉव तिराहे से आगे रई रोड पर चैकिंग के दौरान अभियुक्त निर्मल सिंह धामी पुत्र देव सिंह धामी, निवासी- शिव विहार कॉलोनी, धारचूला रोड रई जनपद पिथौरागढ़ उम्र- 22 वर्ष* को 2.53 ग्राम स्मैक* के साथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध थाना जाजरदेवल में अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बुलढाणा शहर में मच्छरों का बड़ा प्रकोप

## नागरिक हुए परेशान, डेंगू मलेरिया का बड़ा खतरा

**मुंबई हलचल/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** इन दिनों शहर के अनेक इलाकों में बारिश के जमा पानी व कीचड़ के कारण मच्छरों की दहशत बढ़ गई है। हर घर में बुखार, सर्दी, मलेरिया जैसी बीमारियों के मरीज देखने को मिल रहे हैं। यह संख्या दिनोंदिन लगातार बढ़ती जा रही है। इन स्थितियों में बरसात के दिनों में मच्छरों की बढ़ती संख्या को देखते हुए उन पर नियंत्रण के लिए तत्काल उपाय योजना करने की जरूरत है। लेकिन बुलढाणा नगर पालिका का स्वास्थ्य विभाग सुस्त होने से नागरिक त्रस्त हो गए हैं। पिछले कुछ दिनों से शहर में मलेरिया के मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। दिनों शहर में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। जिससे आम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मच्छरों के काटने से लोग बीमारियों के खतरे से आशंकित रहते हैं।



दिनों से कभी बारिश हो रही है। कभी नहीं हो रही है। जय वातावरण मच्छरों की उत्पत्ति के लिए अनुकूल है। इसके साथ ही शहर के कई इलाको में नालिया ब्लॉक है। यह गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है।नालों से पानी की निकासी सही से नहीं होने से यहां मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है।

**दवाई का छिड़काव की मांग**

शहर में सभी इलाकों में खुदाई का काम शुरू था. इसकी वजह से जगह-जगह गड्ढों में पानी एकत्रित हो गया है। इस जमा पानी में ही मच्छर पनप रहे हैं। लोगों का कहना है कि हाल के दिनों में मच्छर का प्रकोप काफी बढ़ गया है। कोई क्वायल या लिक्विड काम नहीं कर रहा है। लोगों ने नगर परिषद से एक बार फॉगिंग मशीन से छिड़काव कराने की मांग की है ताकि मच्छरों से राहत मिल सके।

# रावणा राजपूत समाज 23 सितंबर को जयपुर में अपनी ताकत दिखाएगा – निशा कंवर गौड़

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान महिला प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़ ने बताया कि 23 सितंबर 2023 को जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में रावणा राजपूत समाज का अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन आयोजित होने जा रहा है जिसमें देश-विदेश से लाखों की संख्या में समाज बंधु व मातृशक्ति एकत्रित होंगे महिला प्रदेश प्रवक्ता सुनीता कंवर राठौड़ ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह सोडाला महिला प्रदेश अध्यक्ष ममता कंवर राठौड़, महिला प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह शेखावत प्रदेश प्रभारी उदयपुर संभाग सुरेंद्र सिंह पवार के निर्देशन में महिला प्रदेश प्रवक्ता सुनीता कंवर राठौड़ महिला प्रदेश सचिव आरती शेखावत, राष्ट्रीय प्रचारक चंदा कंवर गहलोत ने शाहपुरा जिले के कोटड़ी व भीलवाड़ा की कॉलोनीयौ में बैठक आयोजित कर मातृशक्ति को जयपुर में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के लिए निमंत्रण दिया। महिला प्रदेश महामंत्री निशा कंवर गौड़ ने बताया कि जयपुर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के दौरान रावणा राजपूत समाजबंधु व मातृशक्ति लाखों की संख्या में एकत्रित होंगे और समाज द्वारा सरकार से मांग की जाएगी कि रावणा राजपूत सहित ओबीसी की अति पिछड़ी जातियों को अलग से आरक्षण देने, रावणा राजपूत जाति के साथ जुड़े अन्य नाम को हटाकर राजस्व रिकॉर्ड में एक नाम रावणा राजपूत करने, हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह शेखावत देवली के शौर्य को विस्तृत रूप से राजस्थान बोर्ड और एनसीईआरटी पाठ्यक्रम में शामिल करने, आगामी विधानसभा चुनाव के टिकट वितरण में सभी राजनीतिक दलों द्वारा रावणा राजपूत समाज को संख्या अनुपात में प्रतिनिधित्व देने सहित स्वर्गीय आनंदपाल सिंह के तथाकथित एनकाउंटर में सीबीआई जांच मे समाज के लोगों पर दर्ज मुकदमे वापस लेने, देश में जातिगत जनगणना करवाने, मेजर दलपत सिंह शेखावत के नाम से उनके पैतृक गांव देवली जिला पाली मे पैनोरमा बनाने व उनकी स्मृति में डाक टिकट जारी करने, राजस्थान हाईफा कल्याण स्मृति बोर्ड में अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति शीघ्र की जाए उसके संबंध में सरकार से मांग की जाएगी। इस दौरान सुनीता नाथावत , मीनाक्षी कँवर, मीना कँवर, नन्दा कँवर, मंजू कँवर पप्पू कँवर, लाड़ कँवर सीमा कँवर मातृशक्ति मैं घर घर जाकर मातृशक्ति को जयपुर में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय महासम्मेलन के लिए आमंत्रित किया। उक्त जानकारी श्री अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान की प्रदेश महिला महामंत्री निशा कंवर गौड़ ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



# कानपुर में धूमधाम से मनाई गई विश्वकर्मा जयंती

## फैक्ट्रियों संग दुकानों में पूजन

**मुंबई हलचल/सुनील बाजपेई**

**कानपुर।** रविवार को विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पूजा अर्चना के साथ प्रसाद वितरण किया गया। वहीं औद्योगिक संगठनों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत 15 लाभार्थियों को 78 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जबकि 55 लाभार्थियों को टूल किट प्रदान की गई। विश्वकर्मा जयंती के इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में विधायक प्रतिभा शुक्ला, देहात डीएम जेपी सिंह व सीडीओ सौम्या पांडेय की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत रोहित यादव को डेयरी उद्योग के लिए पांच लाख रुपये की चेक दी गई। जबकि शिव नारायण विश्वकर्मा को लौह कला उद्योग के लिए 10 लाख, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत अमर सिंह को टेंट हाउस के लिए 10 लाख रुपये की चेक दी गई। इसी प्रकार 15 लाभार्थियों को कुल 78 लाख रुपये स्वीकृत करते हुए उन्हें चेक दी गई। इसी क्रम में शेष 55 लाभार्थियों को टूल किट दी गई। फैक्ट्रियों के साथ ही दुकानों पर भी पूजा हुई। इस दौरान कलपुर्जों, वाहनों की पूजा कर हवन किया गया। इसके साथ ही लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। यह भी अवगत कराते चलें कि लोहे के व्यापारी भगवान विश्वकर्मा को अपना आराध्य मानते हुए विश्वकर्मा जयंती के दिन भगवान की पूजा बड़े विधि विधान से करते हैं। देवताओं के शिल्पी भगवान विश्वकर्मा का जिस दिन पूजन अर्चन होता है, उस दिन ज्यादातर व्यापारी अपना कारोबार बंद रखते हैं। इसी तरह के इसी तरह से शहर के औद्योगिक क्षेत्र में भी विश्वकर्मा भगवान की जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई।



# ऋषि दयानन्द के प्रति समर्पित रहे आनंद जी - राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान** आर्य समाज हापुड़ के संरक्षक आनन्द प्रकाश आर्य का 75 वॉ जन्मदिवस हर्षोल्लास से मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ आचार्य धर्मेंद्र शास्त्री जी ने यज्ञ द्वारा करवाया।इस अवसर पर एक भव्य स्मारिका (मानव कल्याण का स्वर्णिम मार्ग -आर्य समाज)का विमोचन भी किया गया। मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि आनन्द जी का पूरा जीवन समाजसेवा व आर्य समाज के प्रति समर्पित रहा है। आप महर्षि दयानंद सरस्वती के सिद्धांतों के प्रचार प्रसार में आजीवन जुटे रहे।आप कर्मठ मिलनसार व्यक्तित्व के धनी हैं। सामाजिक व राष्ट्रीय मुद्दों पर जागरूक रहते हैं ज्ञापन देना, धरना प्रदर्शन आपकी सक्रियता का स्वयं प्रमाण है।आपके कुशल नेतृत्व में आर्य समाज हापुड़ में 'ऋषि दयानन्द दर्शक दीर्घा' का निर्माण कार्य सभी के लिए प्रेरणा देने वाला है।आप केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश के प्रांतीय




अध्यक्ष के रूप में अपनी सराहनीय कार्य कर रहे हैं। युवक युवतियो के शिविर आयोजित करना युवा संस्कार अभियान का उदहारण है। शिक्षा के लिए विशेष रूप से सक्रिय हैं श्री सरस्वती विद्यालय इंटर कालेज के प्रबंधक रहे और अब आर्य कन्या शिक्षा समिति के जनरल सेक्रेटरी हैं। केंद्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य महेंद्र भाई जी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री विश्व प्रसिद्ध जननायक नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन की बधाई दी और उनके दीर्घ स्वस्थ जीवन की कामना की तथा मानव के दीर्घ स्वस्थ जीवन जीने की कला पर विस्तृत चर्चा की।प्रांतीय महामंत्री प्रवीण आर्य, पवन आर्य,सत्य नारायण,आनंद गुप्ता, विजय गोयल,अशोक गुप्ता, पी डी गुप्ता विनेश गर्ग,नरेन्द्र आर्य, गरिमा आर्य,विजेन्द्र गर्ग आदि गणमान्य लोगों ने अपनी शुभ कामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्वश्री संदीप आर्य,मुकेश शर्मा, अमित शर्मा,बीना आर्या, प्रतिभा भूषण, रेखा गोयल,माया आर्या अनुपम आर्य, अशोक आर्य आदि मौजूद रहे। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रवीण आर्य ने राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ को दी हैं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अनुराग कश्यप ने की कंगना रनोट की तारीफ



**फिल्ममेकर** अनुराग कश्यप और एक्टर जीशान अय्यूब इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'हड्डी' को प्रमोट करने में जुटे हुए हैं। एक इंटरव्यू में अनुराग और जीशान ने कंगना रनोट के साथ काम करने पर बात की। जीशान ने कहा, एक वक्त था जब बतौर एक्टर कंगना टॉप पर थीं। इस पर अनुराग बोले, वो कमाल की एक्ट्रेस हैं। जब काम की बात आती है तो वे बहुत ही ईमानदार हैं। हां, उनके साथ कुछ और परेशानियां हैं। पर जब बात उनके टैलेंट की हो तो वो उनसे कोई नहीं छीन सकता। अनुराग ने आगे कहा, ह्यजो बतौर एक्टर उनके पास है वो कमाल है। वो अपनी ईमानदार क्रिटिक भी हैं, पर उनके साथ डील करना बहुत मुश्किल है। अनुराग ने कंगना के साथ फिल्म 'क्वीन' में काम किया था। उन्होंने कंगना को फिल्म 'सांड की आंख' भी ऑफर की थी पर एक्ट्रेस ने इसे रिजेक्ट कर दिया था। बाद में इस फिल्म पर तापसी पन्नू और भूमि पेडनेकर ने काम किया था।



# क्रिसमस पर रिलीज होगी शाहरुख की डंकी



**शाहरुख खान** की अगली फिल्म डंकी के पोस्टपोन होने की अटकलों के बीच एक्टर ने फिल्म की रिलीज डेट पर बात की है। मुंबई में फिल्म जवान की सक्सेस मीट के दौरान शाहरुख ने कहा जिस दिन मेरी फिल्म रिलीज होती है उस दिन ईद होती है। उन्होंने ये भी कहा कि इस साल क्रिसमस-न्यू ईयर के बीच उनकी अगली फिल्म डंकी रिलीज हो सकती है। राजकुमार हिरानी फिल्म के डायरेक्टर हैं। अब तक ये माना जा रहा था कि फिल्म की रिलीज 2024 तक बढ़ा दी गई है। दरअसल, कुछ ही दिनों पहले प्राइम वीडियो पर पठान की स्ट्रीमिंग शुरू हुई है। वहीं हालिया रिलीज हुई फिल्म जवान साल के अंत तक ओटीटी पर आ सकती है। ऐसे में फिल्म मेकर्स डंकी के लिए नई रिलीज डेट प्लान करने की तैयारी में जुटे थे। अब शाहरुख ने कहा है कि हमने साल की शुरूआत 26 जनवरी को पठान की रिलीज के साथ की। वो मेरे लिए बहुत ही शुभ दिन था। फिर जन्माष्टमी के मौके पर यानी भगवान कृष्ण के जन्मदिन पर जवान रिलीज हुई। अब नया साल आने को है। तब हम डंकी लेकर आएंगे। मैं देश की एकता का मुद्दा ध्यान में रखता हूं। वैसे भी, जिस दिन मेरी फिल्म रिलीज होती है उस दिन तो ईद होती है। शाहरुख खान ने आगे कहा- मैं इस साल उतनी मेहनत कर रहा हूं जितनी मैंने पिछले 29 सालों में भी नहीं की। और मैं आगे भी ऐसे ही मेहनत करता रहूंगा क्योंकि अब जब मैं लोगों को अपनी फिल्मों के बाद खुश देखता हूं तो मुझे उनसे भी ज्यादा खुशी होती है। मैं खुद को बहुत खुशनसीब मानता हूं क्योंकि मैंने बहुत लंबे समय से काम नहीं किया था।

# साथ काम करने की प्रीमियम फीस चार्ज करते हैं रणवीर-दीपिका



**दीपिका पादुकोण** ने हाल ही में द वीक से बात की। इस दौरान उन्होंने कि जब भी वो और उनके पति रणवीर सिंह किसी फिल्म या एड कमर्शियल में साथ काम करते हैं तो दोनों एक प्रीमियम फीस चार्ज करते हैं। उन्होंने प्रीमियम फीस चार्ज करने की वजह भी बताई है। उन्होंने कहा कि किसी और सेलेब्रिटी कपल के उलट उनके बीच इक्वल पॉवर डिवाइड होती है। दीपिका ने ये भी कहा कि हम दोनों अगर एक साथ परफॉर्म कर रहे हैं, इसका ये मतलब तो नहीं है कि हममें से किसी एक की पॉवर दूसरे से कम है। दरअसल, बातचीत के दौरान दीपिका से ये पूछा गया था कि क्या ये सच है कि जब वो एक इंडिविजुअल के तौर पर एड्स या फिल्मों में काम करती हैं तब कोई और फीस चार्ज करती हैं और जब रणवीर के साथ परफॉर्म करती हैं तब अलग फीस चार्ज करती हैं। दीपिका ने इसी सवाल का जवाब दिया है। दीपिका ने साथ काम करने की फीस के बारे में बात करने के बाद ये भी कहा कि हम दोनों ने बिल्कुल जीरो से काम करना शुरू किया है। आज अगर हम कुछ हद तक कामयाब हैं, तो सिर्फ अपनी मेहनत की वजह से। हमनें अपनी शर्तों पर काम किया है और खुद को इंडस्ट्री में साबित किया है।